
तापमान
अधिकतम 36.7 डिग्री
न्यूनतम 17.7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 30 मार्च 2026

12 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और उद्योगों को मिलेगा ...



12 'मन की बात' देश को आत्मनिर्भर और समृद्ध ..




## खबर संक्षेप


इंद्री। दरगाह पीर हजरत सैयद इलाही बख्श पर चद्दर चढ़ाते दीपक कश्यप।

### खेड़ा रोड स्थित दरगाह पर भंडारा व मेला शुरू

इंद्री। खेडा रोड पर मटक माजरी के समीप दरगाह पीर हजरत सैयद इलाही बक्श पर नव सम्वत का लगने वाला 46वां भंडारा व मेला शुरू। इस मेले का शुभारंभ श्री कृष्ण दरबार दरगाह पीर अनवारे सादिक कुरुक्षेत्र के गद्दी नसीन दीपक कश्यप ने दरगाह पर चादर चढ़ाकर किया। इस अवसर पर दीपक ने कहा कि आपसी भाईचारा बनाए रखने व क्षेत्र की सुख शांति के लिए 46 वर्ष पूर्व संत रामधन ने शुरू किया था। उस समय से आज तक इस दरगाह पर नव संवत के मौके पर भंडारे व मेले का आयोजन किया जाता है।

### मीडिया क्रिकेट क्लब की चार विकेट से जीत

करनाल। श्री बालाजी क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड में मीडिया क्रिकेट क्लब और यूथ क्रिकेट क्लब के बीच सीरीज का तीसरा टी-20 मुकाबला खेला गया। रोमांचक मुकाबले में मीडिया क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूथ क्रिकेट क्लब को 4 विकेट से पराजित कर लगातार तीसरी जीत अपने नाम की।

### श्याम परिवार की बैठक में प्रदीप बने नए प्रधान

करनाल। सेक्टर-8 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में श्री श्याम परिवार की कार्यकारिणी एवं सह-कार्यकारिणी की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख श्री श्याम सेवक पंकज गोयल ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से श्री प्रदीप बंसल को वर्ष 2026-28 के लिए प्रमुख श्री सेवक चुना गया। उपस्थित सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की आशा जताई।

### सत्संग में गूंजा गुरु महिमा का संदेश

करनाल। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा शिव चित्रगुप्त मंदिर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में साध्वी यशोदा भारती ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक प्रवचन देते हुए गुरु मार्ग पर अडिग रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर "हर पल तेरे साथ-साथ में रहता हूं..." भजन का भावपूर्ण गायन साध्वी मुमुक्षा भारती ने किया, जिसने सभी साधकों को भावविभोर कर दिया।

### आर्य समाज घरौंडा का 107वां वार्षिक सम्मेलन

घरौंडा। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सर्व समाज से अपील की है कि राष्ट्रीय भावना से जुडक़र आगे बढ़ें और जीवन में कुरीतियों को दूर कर एक सुंदर व स्वस्थ समाज का निर्माण करें। श्री कल्याण आज घरौंडा में आर्य समाज के 107वें वार्षिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। आर्य समाज की ओर से उनका शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया।लंबे समय से आर्य समाज के लिए कार्य कर रहे बुजुर्गों व युवा कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया।

## तरावड़ी में गैस सिलेंडर के लिए मारामारी

# गैस एजेंसी पर घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर लोग

■ सुबह लाइन में लगने के बावजूद मिल रही निराशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

शहर में रसोई गैस सिलेंडर को लेकर इन दिनों भारी अव्यवस्था देखने को मिल रही है। अम्बे गैस एजेंसी के बाहर लोगों की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं और उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। हालात ऐसे हैं कि लोगों को सुबह तडक़े ही लाइन में लगना पड़ रहा है, फिर भी कई बार निराश होकर लौटना पड़ता है। गैस उपभोक्ताओं का कहना है कि वे सुबह से ही लाइन में लग जाते हैं, लेकिन जब शाम को नंबर आता है तो सिलेंडर खत्म हो जाते हैं। कई लोगों ने आरोप लगाया कि 30 दिन बाद भी गैस की डिलीवरी नहीं हो रही। ओटीपी आने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल पाने से लोगों में भारी रोष है। स्थानीय निवासी दिवान चन्द, पाली, सतीश कुमार और हरिश्चंद्र ने बताया कि वे सुबह 8 बजे से लाइन में लगे थे और बड़ी मुश्किल से शाम 4 बजे उनका नंबर आया। उनका कहना है कि काम-धंधा छोडक़र पूरे दिन लाइन में लगना पड़ता है, फिर भी सिलेंडर मिलने की कोई गारंटी नहीं रहती। भीड़ और अव्यवस्था को देखते हुए गैस एजेंसी पर पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया है, ताकि लाइन में किसी प्रकार की बाधा या विवाद न हो। बावजूद इसके लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




तरावड़ी। गैस एजेंसी के बाहर गैस उपभोक्ताओं की लगी लम्बी कतार। फोटो : हरिभूमि

### गैस की कोई कमी नहीं : एजेंसी संचालक

वहीं, गैस एजेंसी संचालक का कहना है कि गैस की कोई कमी नहीं है। उनके अनुसार जैसे-जैसे सिलेंडर की सप्लाई आती है, उसी हिसाब से वितरण किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आवश्यकता के अनुसार ही गैस लें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर मिल सके। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# जेकेजी ओवरसीज में विधायक भगवानदास कबीरपंथी का दौरा


तरावड़ी। जेकेजी ओवरसीज में विधायक भगवान दास कबीरपंथी राइस मिलर्स की समस्याओं की जानकारी लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

■ राइस मिलर्स की समस्याओं को लेकर

तरावड़ी। हलके के विधायक भगवान दास कबीरपंथी आज तरावड़ी शहर के एक राइस मिल में पहुंचकर व्यापारियों एवं राइस मिलर्स की समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में राइस मिलर, उद्योगपति और स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान जे के जी ओवरसीज के निदेशक नरेश कुमार गर्ग के नेतृत्व में विधायक का स्वागत किया गया। राइस मिलर्स ने सडक़ें, फसल सीजन और अन्य व्यापारिक समस्याओं को लेकर अपनी परेशानियां विधायक के समक्ष रखीं। करीब 20 मिनट तक विधायक ने सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और समाधान को लेकर मंथन किया। विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के व्यापारियों और किसानों की हर समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फसल सीजन के दौरान मंडियों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों, व्यापारियों और आढ़तियों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएंगी। इस मौके पर उपस्थित राईस मिलरों ने अपनी समस्याएं सीधे विधायक के सामने रखीं, जिस पर उन्होंने जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर अशोक गर्ग, शोबिर गर्ग, अंकित गर्ग, पंकज गुप्ता, मार्किट कमेटी के वाईस चेयरमैन राजीव नारंग, अमित रहेजा, मुकेश गर्ग, आदि मौजूद रहे।

# 'मन की बात' कार्यक्रम से मिलती है प्रेरणादायक जानकारी : कल्याण

■ विस अध्यक्ष ने सुना पीएम मोदी के 'मन की बात कार्यक्रम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज बाली नगर घरौंडा के बूथ नंबर 166 पर नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 132वें एपिसोड को सुना। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे हर महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम को अवश्य सुनें। प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के तहत देश व समाज हित में हो रहे कार्यों की जानकारी देते हैं। जिनसे जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।



उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को इस कार्यक्रम को सुनने के लिए समय निकालना चाहिए। इससे विभिन्न क्षेत्रों में मेहनत, जोश, जज्बे के साथ तरक्की कर रहे लोगों के बारे में पता चलता है। घरौंडा के बूथ नंबर 166 पर मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिए बड़ी स्क्रीन की व्यवस्था की गई थी। बड़ी संख्या में लोग 11 बजने से पहले ही वहां पहुंच गए थे। कल्याण के अनुसार आज 132वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने जहां वैश्विक स्तर पर चिंता जताई वहीं खाड़ी देशों में भारतीयों की मदद के लिए आभार जताया। मोदी ने अफवाहों से बचने, केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करने की अपील की। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का जिक्र करते हुए बताया कि यूपी के वाराणसी में एक घंटे में 2 लाख 51 हजार से अधिक पौधे लगाकर लोगों ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया है।

प्रधानमंत्री ने फिटनेस व स्वास्थ्य पर ध्यान रखने का आग्रह करते हुए शुगर व तेल की मात्रा पर नियंत्रण रखने की अपील की।

### नहर में डूबे 19 वर्षीय युवक की तलाश जारी

करनाल। करनाल जिले के बाबरखेड़ी गांव का 19 वर्षीय युवक मोक्ष नहर में डूब गया। जानकारी के अनुसार, युवक बीती शाम गांव के पास नहर पर हवन सामग्री की राख डालने गया था।

इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह पानी में जा गिरा। हादसे के तुरंत बाद परिजन मौके पर पहुंचे और काफी देर तक युवक की तलाश करते रहे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया।

सूचना मिलते ही मुनक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। आज सुबह से SDRF की टीमों ने नहर में सर्च अभियान शुरू कर दिया है, लेकिन देर शाम तक भी युवक का पता नहीं चल सका। परिवार के लोग नहर किनारे बैठे हैं और हर आने-जाने वाले से जानकारी जुटा रहे हैं। परिजनों ने बताया कि मोक्ष कंबल फैक्ट्री में काम करता था और पूरे घर का सहारा था। उसका छोटा भाई 12वीं कक्षा में पढ़ता है और हाल ही में उसने बोर्ड की परीक्षाएं दी हैं।

## विधायक कश्यप ने सुना एपिसोड

# मन की बात कार्यक्रम सरकार व जनता के बीच संवाद का माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने गांव सातडी के बूथ नं. 54 पर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 132 वें एपिसोड को सुना। इस मौके पर उन्होने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक हालात, युद्ध और ऊर्जा संकट पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं, ऐसे में देशवासियों को अफवाहों से बचते हुए एकजुट रहने की आवश्यकता है। मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन से संवाद, देश को दिशा और समाज को प्रेरणा देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थिति में प्रधानमंत्री का यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण है कि देशवासियों को किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचते हुए एकजुट रहना चाहिए। मन की बात कार्यक्रम लगातार सरकार और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बना हुआ है। इस कार्यक्रम को जनसंचार के क्षेत्र में एक अनूठी पहल माना जाता है। इस कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री सीधे नागरिकों से संवाद करते हैं और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों, सामाजिक विकास, नवाचार और प्रेरणादायक कहानियों को साझा करते हैं। इसका उद्देश्य न केवल सरकार और जनता के बीच दूरी कम करना है, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देना भी है। इस अवसर पर डॉ रोशन लाल, रणधीर कांबोज, बलिंद्र कटारिया, सतीश, अंकुश, सुमेर चन्द, जयकुमार, राजकुमार व माया राम आदि मौजूद रहे।


इंद्री। गांव सांतडी में मन की बात कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक रामकुमार कश्यप। फोटो : हरिभूमि

# नेत्र शिविर में 200 से अधिक मरीजों ने करवाया चेकअप



करनाल। शिविर में मुख्य अतिथि डॉ. बलराम शर्मा का स्वागत करते आयोजक।

करनाल। युवा विचार मंच द्वारा गांव बांसा में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक ग्रामीणों ने अपनी आंखों सहित अन्य बीमारियों की जांच करवाई। यह शिविर अर्पणा अस्पताल मधुबन के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें डीएवी कॉलेज करनाल के राजनीतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. बलराम शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। युवा विचार मंच के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. बलराम शर्मा ने कहा कि समाजसेवा के कार्यों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर गरीब व जरूरतमंद लोगों के लिए बहुत लाभकारी साबित होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजेश आर्य पाढा ने कहा कि लोगों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए। विशिष्ट अतिथि बलजीत मलिक ने भी इस प्रकार के शिविरों को सराहनीय बताया। युवा विचार मंच के अध्यक्ष राहुल बांसा ने बताया कि शिविर में नेत्र जांच के साथ-साथ हृदय रोग व घुटनों की जांच भी की गई।

# कांग्रेस सेवा दल ने फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

कांग्रेस सेवा दल की परंपरा के तहत महीने के अंतिम रविवार को मां भगवती कॉलोनी में प्रदेश महासचिव जसबीर पान्नु के निवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस दौरान सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और राष्ट्रगान गाया।



कांग्रेस के जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजेश वैध, सेवा दल शहरी जिला प्रधान अनिल शर्मा, ग्रामीण प्रधान मदन राणा व महिला प्रधान हरदीप कौर ने कार्यकर्ताओं को सेवा दल के इतिहास और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेवा दल की स्थापना वर्ष 1924 में एनएस हार्डिकर ने आंध्र प्रदेश के काकिनाडा में की थी तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू इसके पहले चेयरमैन बने थे। प्रदेश महासचिव जसबीर पान्नु ने कहा कि सेवा दल के स्वयंसेवक गांधी टोपी पहनने और उनके विचारों पर चलने के लिए जाने जाते हैं। ध्वजारोहण के बाद चाय पर चर्चा कार्यक्रम 'रवि मिलन' का आयोजन भी किया गया।

### ये रहे मौजूद


इस अवसर पर प्रदेश महासचिव जसबीर पान्नु, प्रदेश सचिव बलजीत चौहान, प्रदेश महासचिव महिला सुनीता रानी, प्रदेश संगठन सचिव ईशम सिंह चौहान, उपप्रधान प्रशोत्तम चौरा, उपप्रधान सुखबीर सिंह, महासचिव गुरमीत सिंह, सचिव वेदपाल, सचिन, मीडिया प्रभारी सुनील शर्मा, साहिल, निमेश अत्री, ज्योति रानी, सुनील ढांडा, सूबे सिंह, सत्यनारायण, साहिल शर्मा, साहिल, डा. साहब सिंह, श्रवण कुमार व रविंद्र कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### खनन के दौरान ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

करनाल। जिले के नगला फार्म के पास रेत की खदान में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां ट्रैक्टर पलटने से एक चालक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब चालक ट्रैक्टर से रेत निकालने का कार्य कर रहा था। अचानक ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया और चालक उसके नीचे दब गया। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने घायल को बाहर निकाला और उसे करनाल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान शेखपुरा पुलिया निवासी 35 वर्षीय जगदीश उर्फ जग्गी के रूप में हुई है। वह ट्रैक्टर चालक था और मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। हादसे के दौरान ट्रैक्टर के नीचे दबने से उसकी गर्दन में गंभीर चोट आई, जो उसकी मौत का कारण बनी। बताया जा रहा है कि जगदीश अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला था। उसके परिवार में चार बेटियां हैं, जिनमें से दो की शादी हो चुकी है। उसकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और घर में मातम का माहौल है।

### वन मजदूर एक अप्रैल को मनाएंगे काला दिवस



करनाल। वन विभाग मजदूर यूनियन द्वारा चार लेबर कोड लागू करने के विरोध में एक अप्रैल को उपायुक्त कार्यालय पर काला दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत लेबर कोड की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसको लेकर कर्ण पार्क में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधान सुरेश कुमार ने की, जबकि संचालन जिला सचिव सुरेश पाल ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू जिला प्रधान बिजनेश राणा व सुरेश कुमार ने कहा कि वन विभाग के मजदूरों को कई-कई महीनों तक मानदेय नहीं मिलता, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है और वे भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। यूनियन ने मांग की कि मजदूरों को हर महीने की पहली तारीख को मानदेय दिया जाए, उन्हें पक्का किया जाए, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये किया जाए और श्रम विभाग में पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर बिजनेश राणा, सुरेश कुमार, रोशनलाल, मान सिंह, सतीश, सुरेश करनाल, नन्ही, सीतो देवी, नरेश कुमार व राजेश कुमार उपस्थित रहे।

### मंडी में बिना नंबर प्लेट वाहन नहीं होंगे प्रवेश

करनाल। एसडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि रबी सीजन 2026 के दौरान किसानों की सुविधा और मंडियों में सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रदेश सरकार ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि अब मंडी में आने वाले सभी वाहनों पर स्पष्ट फ्रंट नंबर प्लेट होना अनिवार्य होगा। गेट पास के लिए फोटो सत्यापन भी जरूरी रहेगा। गेट पास जारी करने का समय सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक तय किया गया है। किसानों के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन भी अनिवार्य किया गया है। इसके लिए 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकरण जरूरी होगा, जिसमें परिवार पहचान पत्र सहित अन्य दस्तावेजों का उपयोग किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि गेहूं की आवक के दौरान वाहनों का फोटो रजिस्ट्रेशन नंबर सहित कैप्चर किया जाएगा। बिना नंबर वाले वाहनों को प्रवेश नहीं मिलेगा। मंडियों को जियो-फेंस किया गया है, जिससे सभी प्रक्रियाएं जैसे गेट पास, बोली और आई-फॉर्म केवल मंडी परिसर में ही होंगी। आढ़तियों को ऑनलाइन ऑक्शन के बाद समय पर जे-फॉर्म और आई-फॉर्म जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी ढेरियों का वजन इलेक्ट्रॉनिक कांटे से किया जाएगा।

## पृथ्वीराज चौहान किले को डेढ़ साल से जीर्णोद्धार का इंतजार, बरसात के बहाने रोका काम

# ऐतिहासिक किले के मुख्य द्वार का सौंदर्यीकरण ठप

■ नपा ने करीब 21 लाख रुपये का टेंडर जारी किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

शहर में स्थित पृथ्वीराज चौहान के ऐतिहासिक किले का मुख्य गेट पिछले डेढ़ वर्ष से जीर्णोद्धार के इंतजार में है। नगर पालिका द्वारा किले के गेट के सौंदर्यीकरण के लिए करीब 21 लाख रुपये का टेंडर जारी किया गया था, लेकिन इसके बावजूद कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है।

पिछले वर्ष ठेकेदार द्वारा काम शुरू करने की तैयारी की गई थी, काम शुरू करने के लिए मजदूरों ने पैड भी बांध दी थी लेकिन बरसात के मौसम का हवाला देकर कार्य रोक दिया गया। इसके बाद से अब तक काम दोबारा शुरू नहीं हो सका, जिससे किले का गेट लगातार जर्जर होता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि किले की हालत बेहद खराब हो चुकी है और कई बार इसकी छत के हिस्से टूटकर नीचे गिर चुके हैं। इससे यहां से गुजरने वाले लोगों के लिए खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द गेट के जीर्णोद्धार की मांग की है। बताया जा रहा है कि नगर पालिका की बैठक में भी इस मुद्दे को उठाया गया था और गेट के सुधार के लिए 21 लाख रुपये खर्च करने की स्वीकृति दी गई थी। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी कर एजेंसी को काम सौंपा गया, लेकिन कुछ दिनों बाद ही काम बंद कर दिया गया।

नगर पालिका के अधिकारियों का कहना है कि ठेकेदार को कई बार कार्य शुरू करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। वहीं ठेकेदार की ओर से जल्द काम शुरू करने का आश्वासन दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, आगामी दो तीन दिनों में कार्य शुरू होने की संभावना है। फिलहाल, किले की जर्जर स्थिति और काम में देरी को लेकर लोगों में रोष बना हुआ है। नागरिकों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर ऐतिहासिक धरोहर को सुरक्षित रखने की मांग की है।


तरावड़ी। ऐतिहासिक पृथ्वीराज चौहान के किले का गेट, जहां काम शुरू हुआ था।

### पार्षद मदान बोले

पहले काम शुरू किया गया था पता नही किन्ही कारणों से काम को बीच में रोक दिया था। इसके लिये कई बार नगरपालिका के अधिकारियों से बातचीत हुई है उनका कहना है कि जल्दी इस पर शुरू हो जायेगा।

### ठेकेदार का कहना है

बरसातों के मौसम का हवाला देकर काम रोक दिया गया था क्योकि पुरानी दिवारें होने कारण रिस्क लेना ठीक नही था। लेबर वापिस बिहार चली गई थी। मै लेबर के सम्पर्क मे था दो तीन दिन लेबर आ जायेगी और जल्दी ही काम शुरू हो जायेगा।

### नपा सचिव बोले

किले के गेट के सौंदर्यीकरण का कार्य बरसातों मे कुछ समय के लिये रोक दिया था लेकिन इस पर जल्दी ही काम शुरू हो रहा है। मेरी ठेकेदार से बात हो गई है हो सकता आज कल वहां कार्य शुरू हो जायेगा।

## खबर संक्षेप

### गांव सिवाह में डेढ़ साल की बच्ची झुलसी

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह में निवास कर रहे मोहम्मद इस्तिगार की पत्नी फिरदोश घर में चावल बना रही थी। एक बड़े बर्तन में पानी उबल रहा था। वहीं, फिरदोश दूसरे काम में व्यस्त हो गई। इस दौरान इस्तिगार की बेटी डेढ वर्षीय अमबिया खेलते-खेलते चूल्हे के पास पहुंच गई और उबलता हुआ पानी उसके उपर गिर गया। हादसे में अमबिया गंभीर रूप झुलस गई। इधर, सिविल अस्पताल पानीपत में बच्ची का उपचार चल रहा है।

### दो लोगों ने महिला से जेवर व नकदी ठगी

**पानीपत।** पानीपत की गोहाना रोड पर खन्ना मोड़ के पास दो शातिर ठगों ने नरेश कुमार निवासी गांव सिटावली जिला सोनीपत हाल निवासी राज नगर, पानीपत को पारिवारिक संकट का डर दिखाकर दो ठगों ने उसके सोने के कुंडल, मोबाइल और करीब सात हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दोनों ने स्वयं को हरिद्वार से आया साधु बताया और नरेश कुमार को राम नाम जपने का झांसा दिया और मौके से फरार हो गए। इधर, नरेश कुमार की शिकायत पर हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लोन की राशि हड़पी पांच पर केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की अनाज मंडी में प्रिंटिंग प्रेस चलाने वाले जसबीर सैनी निवासी गांव झांबा जिला पानीपत की कार पर हुए 4.85 लाख रुपये के लोन की राशि को आरोपियों ने षड्यंत्र रचकर डकार लिया। वहीं सैनी की शिकायत पर चांदनी बाग थाना पुलिस ने जांच रिपोर्ट के आधार पर चोला मंडल इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी के मैनेजर चेतन, कर्मचारी संदीप, ब्रोकर पंकज, संजीव शर्मा, रिकवरी एजेंट विकास के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2) और 318(4) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चुलकाना धाम पर श्रद्धालुओं का तांता

**समालखा।** चुलकाना धाम में चैत्र शुक्ल पक्ष की कामदा एकादशी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। तडके ही बाबा श्यामजी के दर्शनों के लिए लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। मंदिर परिसर के गेट नंबर तीन पर हुई धक्का-मुक्की में दतौली गांव की महिला चोटिल हो गई।

### लापरवाही से रोग गंभीर होता है: कौर

**पानीपत।** कभी भी किसी भी प्रकार की बीमारी को छुपाना नहीं चाहिए अन्यथा वह एक दिन घातक सिद्ध हो सकती है। जिसका बाद में लाखों खर्च के बाद भी इलाज नहीं हो सकता जबकि जान भी जा सकती है। यह बात स्किन विशेषज्ञ हरप्रीत कौर इसराना गुरुद्वारा संत भवन इसराना साहिब में लोटेस अस्पताल द्वारा आयोजित दूसरे फ्री स्वास्थ्य चैकअप कैंप में संबोधित कर रहते हुए कही।

### आगजनी को लेकर नागरिकों को सतर्क किया

**पानीपत।** गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान के साथ आगजनी की घटनाओं के खतरा बढ़ जाता है। इसके मद्देनजर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने नागरिकों से सतर्क करते हुए विशेष अपील जारी करते हुए काह कि इस समय खेतों में गेहूं सहित अन्य फसलें पककर तैयार खड़ी हैं, जो हल्की सी चिंगारी से भी आग की चपेट में आ सकती हैं। ऐसे में चलती गाडिय़ों से जलती हुई

### पुलिस ने फायरिंग का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने असंध रोड पर मनी एक्सचेंज के ऑफिस पर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने मामले में फरार चौथे आरोपी सोनीपत के हरसाना गांव निवासी प्रांजल को काबू किया है। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि इस मामले में सोनीपत के कबीरपुर निवासी संदीप, कोट मोहल्ला निवासी कृष्ण उर्फ काकू व रोहणा गांव निवासी कुनाल को पहले ही काबू किया जा चुका है। इस मामले में थाना माडल टाउन में शांति नगर निवासी हरीश कुमार की शिकायत पर केस दर्ज है।

---

### आईसीएआई पानीपत चेप्टर ने बैंक ब्रांच ऑडिट पर सेमिनार का आयोजन किया

# बैंक ऑडिट करते समय सतर्क रहें चार्टर्ड अकाउंटेंट्स: सीए

**सीए शिल्पी शर्मा ने रिजर्व बैंक की विभिन्न नीतियों से अवगत करवाया और बैंकिंग में आए परिवर्तन, ऑडिट की प्रतिक्रिया क्या और किस प्रकार एक सीए को अपनी पुरी ऑडिट को प्रोसेस करना चाहिए इसके बारे में स्पष्ट जानकारी प्रदान की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा द्वारा ऑडिट एंड एश्योरेंस स्टैंडर्ड बोर्ड (एएएसबी) (आईसीएआई) के तत्वावधान में शाखा के प्रधान सीए भूपेंद्र दीक्षित की अध्यक्षता में बैंक ब्रांच ऑडिट पर सेमिनार हुआ। वहीं, सेमिनार के मुख्य वक्ता सीए जसविंदर सिंह ने उपस्थित मेंबर्स को बैंक ऑडिट करते समय विशेष ध्यान रखने वाली बातों से अवगत कराते हुए कहा कि कैश क्रेडिट अकाउंट, टर्म लोन अकाउंट, गोल्ड लोन अकाउंट, होम लोन अकाउंट, व्हीकल लोन अकाउंट आदि इन सब के दौरान बैंक से क्या-क्या गलतियां हो जाती है और अकाउंट किन-किन वजह से एनपीए हो जाता है उन सब को ध्यान में रखते हुए अपनी बैंक रिपोर्ट बनाए।



पानीपत। आईसीएआई में अध्यक्ष सीए भूपेंद्र दीक्षित, आदि सेमिनार का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जबकि सीए अवनीत सिंह ने बैंक में होने वाले लोन में जो कागजी कार्यवाही होती है ऑडिटर को चेक करना है इसके अलावा बैंक में होने वाले एनपीए को चेक करने के लिए अलग-अलग मध्यमों के बारे में अवगत करवाया। सीए शिल्पी शर्मा ने रिजर्व बैंक की विभिन्न नीतियों से अवगत करवाया और बैंकिंग में आए परिवर्तन, ऑडिट की प्रतिक्रिया क्या रहे और किस प्रकार एक सीए को अपनी पुरी ऑडिट को प्रोसेस करना चाहिए इसके बारे में स्पष्ट जानकारी प्रदान की।

वहीं, मंच का संचालन शाखा सचिव सीए रजनी गोयल व धन्यवाद प्रस्ताव शाखा उपाध्यक्ष सीए जितेन्द्र बांगा ने किया। कार्यक्रम में दीपक गोयल, कंवरदीप सिंह (एनआईसीएएसए चेयरमैन पानीपत, कुणाल कथूरिया, दविंदर कपूर, विमल गोयल, कमल सिंगला, सुनील जैन, कविता खुराना, हंसराज खुराना, मोहन सिंगला, चिरंजीव सोढ़ी, विकास गर्ग, जोगिंदर पाल, गौरव सतीजा, मुकेश मित्तल, अनमोल बत्रा, जगदीश धमीजा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

---

## उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सुनील थम्मन सम्मानित



पानीपत। चीफ आप्रेशन थिएटर आफिसर, वैलफेयर एसो. वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील थम्मन को सम्मानित करते हुए।

**पानीपत।** हरियाणा स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत चीफ आप्रेशन थिऐटर आफिसर, वैलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपप्रधान सुनील कुमार थम्मन अपनी 39 वर्ष की सेवा के उपरांत आगामी 31 मार्च को सेवानिवृत हो रहे हैं। रविवार को एसोसिएशन की ओर से उन्हें पगड़ी पहना कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महासचिव राजेन्द्र ने बताया कि सुनील कुमार थम्मन ने अपना कार्य बहुत ईमानदारी, निष्ठा व लग्न से किया है। अपनी सेवा के दौरान वे हमेशा समय के पाबन्द और अनुशासित रहे हैं और किसी को कभी किसी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं दिया। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन का बीज सुनील कुमार थम्मन ने ही डाला था जो आज वट वृक्ष का रूप ले चुका है। हम सुनील कुमार थम्मन के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घ आयु की कामना करते हैं। कार्यक्रम में हरियाणा के सभी जिलों से एसोसिएशन के प्रतिनिधी पधारे हुए थे। वहीं सुनील कुमार थम्मन ने इस सम्मान के लिए सभी का आभार प्रकट किय। वहीं एसोसिएशन ने उन्हें आजीवन काल के लिए सलाहकार बनाने का एकमत से फैसला किया।

## श्री राम चंद्र हनुमान बाल सभा सेवकों के उपवास शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव को यादगार बनाने के लिए पानीपत शहर में तैयारियां जोर शोर से शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में रविवार को श्री राम चंद्र हनुमान बाल सभा के दो समर्पित सेवकों अनुज कैथवास व शान रॉय ने अन्य सेवकों के साथ मिलकर हवन कर व्रत विधान का संकल्प लिया है जो बाद में हनुमानजी का स्वरूप धारण करेगे। इस मौके पर लक्ष्य स्वामी, अनुज कैथवास, अंकुश, परवीन, गुलदीप, अनंत, अभिषेक, नितिन, प्रिंस, शिवम, शिव, बलजीत, युवराज, हिमांशु, सचिन डोगरा, शान रॉय, रोहित कुमार, नरेंद्र कैथवास, अमित, अमन, अभिमन्यु, रणविजय, अभिमन्यु, ऋषभ, धैर्य आदि मुख्यरूप से मौजूद रहे। सभा के प्रधान लक्ष्य स्वामी व कैशियर अनुज कैथवास ने बताया कि यह विशेष व्रत विधान दो अप्रैल तक चलेगा।



पानीपत। श्री हनुमान सेवक यज्ञ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

## भारत विकास परिषद ने किया परिवार मिलन समारोह का आयोजन

*दिव्यांश गुप्ता ने सांस्कृतिक आयोजन का मंच संचालन किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। समालखा

भारत विकास परिषद समालखा शाखा के परिवार मिलन व सांस्कृतिक समारोह का आयोजन हुआ। वहीं भारत विकास परिषद के संरक्षक राजीव गुप्ता ने बताया कि परिषद द्वारा परिवारों को जोड़ने के लिए एक दूसरे से परिचय बढ़ाने के लिए इस तरह का आयोजन किया जाता है। वहीं, उन्नति जैन, तनु मित्तल, दिव्यांश गुप्ता ने सांस्कृतिक आयोजन का मंच संचालन किया। कार्यक्रम में कुलभूषण अरोड़ा, श्याम सुंदर शर्मा, विकास साहू, आशा वर्मा, हर्ष वर्मा, राजकुमार बजाज, विनीत बजाज, मुकेश गुप्ता, विकास जैन, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष आनंद प्रकाश आर्य, रवि सचदेवा, आनंद प्रकाश आर्य, आनंद शरण, राजीव गुप्ता, सर्वजीत बंसल, सुनील मित्तल, रेनु मित्तल, समालखा भाजपा महिला अध्यक्ष रेखा गोयल, वार्ड एक से पार्षद संजय गोयल, विकास साहू, रीना साहू, अंजलि अरोड़ा, सवि



पानीपत। भारत विकास परिषद का परिवार मिलन समारोह में उपस्थित नारी शक्ति।

## पीएम नरेंद्र मोदी का 'बेटी बचाओ बेटी' पढ़ाओ का नारा खोखला : पर्ल

*देश व प्रदेश में महिलाओं पर अपराध का ग्राफ बढ़ा, एलपीजी गैस सिलेंडर के लिए महिलाओं का जीवन हुआ नारकीय*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

हरियाणा महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष पर्ल चौधरी ने कहा कि बेटियों व महिलाओं पर होने वाले अपराधों की संख्या निरंतर बढ़ रही है पर्ल चौधरी रविवार को हुडा सेक्टर 25 टांसपोर्ट नगर स्थित पानीपत जिला कमेटी ग्रामीण कार्यालय में प्रेस वार्ता कर रहे थे। वहीं पर्ल चौधरी ने आरोप लगाया कि भाजपा के 44 विधायकों व सांसदों पर दुष्कर्म व यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप हैं, लेकिन इसके बावजूद पार्टी उन आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण दे रही है। वहीं, पर्ल चौधरी ने प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के आंकड़े पेश करते हुए कहा कि वहां पिछले एक साल में महिलाओं के विरुद्ध 1686 मामले दर्ज हुए हैं, यह भाजपा की डबल इंजन सरकार की विफलता का प्रमाण है। पर्ल चौधरी ने कहा कि आज जनता विशेषकर महिलाएं एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है और गैस एजेंसियों पर घंटों लाइनों में लगने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहे है। लेकिन फिर भी भाजपा सरकार दावा कर रही है एलपीजी सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। पीएम नरेंद्र मोदी का बेटी बचाओ पढ़ाओ का नारा खोखला रहा। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक, कंवर सिंह छौक्कर, दीपक खटकड, बलवान वाल्मीकि, संजय गर्ग, सतपाल वाल्मीकि, प्रियांश मलिक, विकास आहूजा, शशी लूथरा, सुरभि शर्मा, सविता गर्ग, नीरजा बाहरी आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। कांग्रेस की महिला प्रदेशाध्यक्ष पर्ल चौधरी व पानीपत जिलाध्यक्ष रमेश मलिक प्रेस वार्ता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---



पानीपत। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. राकेश बूरा, अभिभावकों के संबोधन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## बच्चों को शिक्षित करने को भूखा रहना पड़े तो रहो: बूरा

**पानीपत।** शिक्षा को जन आंदोलन बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक और प्रभावशाली कदम बढ़ाया है। दाखिला मिशन के तहत डीईओ राकेश बूरा ने राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल गांव नांगल खेड़ी के स्टाफ के साथ मिलकर हुडा सेक्टर 29 स्थित फ्लोरा चौक क्षेत्र में अभियान चलाया। डीईओ राकेश बूरा ने अभिभावकों से सीधे संवाद करते हुए भावुक अपील की कि दो रोटी कम खाओ, वहीं, अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ। शिक्षा ही भविष्य बदलने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने घर घर जाकर अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी और बच्चों के दाखिले के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला कला समन्वयक संदीप रत्तेवाल, डीओसी हरिओम, स्कूल के मुख्य शिक्षक जयदीप, प्रवीण पाराशर, सुरजीत, बजिन्द्र कादियान, सविता दहिया, अशोक धनखड़ आदि उपस्थित रहे।

- घर घर जाकर अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी

## विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है भाजपा : मीना



पानीपत। भाजपा समालखा शहरी मंडल में उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**समालखा।** भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट के आह्वान पर व समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना के मार्गदर्शन में भाजपा समालखा शहरी मंडल के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन माता मंदिर में किया गया। कार्यक्रम की प्रभारी मीना गुर्जर, मंडल प्रभारी रविंद्र तुशामढ़, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सौरव गुप्ता, नरेश बेनीवाल, विधायक प्रतिनिधि जसराज भाटी, महामंत्री रॉकी वर्मा, नरेंद्र शर्मा, संदीप गहल्यान ने विशेष सहयोग किया। मुख्य वक्ता लोकेश नांगरू, देव मलिक, डॉ.राजबीर आर्य, राजेश जागलान, मीना गुर्जर, ऋषिपाल रावल व दिनेश रावल ने अपने अपने विषयों के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर विश्व का सबसे बड़ा राजनीति दल बना है। वहीं कार्यक्रम को सफल करने के लिए समालखा शहरी मंडल अध्यक्ष रेखा संजय गोयल ने सभी का आभार जताया।

- कार्यक्रम को सफल करने के लिए सभी का आभार जताया



पानीपत। इसराना साहिब में सत्संग का श्रवण करती संगत।

## नाम जपो, सत कर्म कर विश्व का कल्याण करो: संत बाबा राजेंद्र

**इसराना।** नाम जपो, सुमिरन करो, वाहेगुरु सतनाम का नाम जपते हुए सतकर्म की राह पर चलने से ही मानवत का कल्याण होगा। यह विचार संत बाबा राजेन्द्र सिंह खालसा ने संत भवन इसराना साहिब में संगत प्रवचन करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सिख धर्म के लोग कड़ा छोड़ा, किरपाण छोड़ कुछ तांत्रिकों के पास जाने लगे गुरु को छोड़ दिया। परमात्मा का नाम जपा करों ओर हाजरी भरो। जब भी गुरुद्वारा में जातों हो वह पर बैठकर कुछ समय निकालकर भगवान का नाम जपना चाहिए, वाहेगुरु का सुमिरन करों। उन्होंने आह्वान किया की नशों से दूर रहें। बच्चों को अच्छी पढ़ाई के साथ साथ अच्छे संस्कार दें। संत बाबा राजेन्द्र सिंह खालसा ने कहा नाम जपो इसी से आपका बेड़ा पार होगा।

- बच्चों को अच्छी पढ़ाई के साथ साथ अच्छे संस्कार दें

## न्यूज डायरी

### सनातन भक्ति सत्संग के लिए भूमि पूजन



पानीपत। विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल के पदाधिकारी सत्संग स्थल पर यज्ञ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल द्वारा दो से पांच अप्रैल तक सुधांशु महाराज के सानिध्य में होने वाले विराट सनातन भक्ति सत्संग के लिए माडल टाउन स्थित शिवाजी स्टेडियम में भूमि पूजन किया गया। पंडित रवि शास्त्री द्वारा विधिवत्त मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ कराया गया। हवन यज्ञ में मंडल के हरियाणा प्रभारी आरएन रावल, प्रधान डा.जगजीत आहूजा, संरक्षक पुरुषोत्तम शर्मा, प. हुकुमचंद शास्त्री, समाजसेवी अशोक बांगा, यशपाल चौधरी, इंद्र चुघ, राजू शर्मा, गिरीश अरोड़ा व नरेंद्र चुघ ने आहुति दी। भूमि पूजन के पश्चात प्रधान डा.जगजीत आहूजा ने मंडल के सदस्यों की ड्यूटी उन्हें बताई। इस अवसर पर वेद बांगा, लाजपत आहूजा, पप्पू पहलवान, डीएन खुंगर, संजय भाटिया, सुभाष सोनी, चुन्नीलाल चावला, राजेश सेठी, रमेश ढींगड़ा, सुभाष ढींगड़ा, रमेश आर्य, देशराज छाबड़ा, जगदीश खुराना, संजीव

### विवाहिता को ससुराल से निकाला

**पानीपत।** पानीपत के गांव गढ़ी बेसिक की एक बेटी को दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर मारपीट कर ससुराल से निकाल दिया गया। इधर, विवाहिता की शिकायत पर व मेडिएशन सेंटर की रिपोर्ट के आधार पर सनौली थाना पुलिस ने पति नौशाद व इनके परिजनों ताहिर, शहजाद, इरशाद निवासी गांव राठौरा जिला बागपत उत्तर प्रदेश पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हादसे में युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव निंबरी के पास शनिवार की रात को काले रंग की कार ने स्कूटी सवार श्रीकांत को जोरदार टक्कर मार दी, हादसे में श्रीकांत की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आरोपी ड्राइवर हादसे के बाद अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गया। इधर, थाना चांदनी बाग पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम के बाद श्रीकांत निवासी गांव निंबरी का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। वहीं मृतक के चाचा भूप सिं की शिकायत पर कार के अज्ञात चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक चोर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थे पुलिस टीम ने बाइक चोरी करने वाले शातिर चोर प्रदीप पुत्र सूरज निवासी सुखपुरा चौक, रोहतक को टीडीआई हुडा सेक्टर 24 से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी से बाइक चोरी की तीन वारदातों का खुलासा हुआ है। थानेदार राकेश ने बताया कि बाइक चोरी की वारदात बारे थाना चांदनी बाग में दीवाना गांव निवासी बादल पुत्र दिलावर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### कट्टे के साथ आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने आलीशान उर्फ बल्लू पुत्र अयूब निवासी गांव बापौली को अवैध देसी पिस्तोल के साथ गिरफ्तार किया। थानेदार विजय ने बताया कि आरोपी अलीशान के खिलाफ थाना बापौली में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### जिले में गैस व ईंधन आपूर्ति सामान्य

**कुरुक्षेत्र।** जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक नरेश कुमार ने कहा कि जिले में गैस सिलेंडरों सहित पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है।

---

**कार्यक्रम** भाजपा का चार मंडलों में प्रशिक्षण महा अभियान का आयोजन

# जन सेवा को अपने जीवन का ध्येय बनाएं भाजपा कार्यकर्ता : विधायक प्रमोद विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

भाजपा द्वारा प्रदेश भर मे चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत पानीपत शहरी विधानसभा के भाजपा के चार मंडलों में प्रशिक्षण महा अभियान का आयोजन रविवार को किया गया। वहीं, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण शिविर में जीत का मंत्र देते हुए अपने संबोधन में कहा कि अंत्योदय के उत्थान अर्थात अंतिम पंक्ति में खड़े वर्ग के उत्थान के लिए भाजपा सरकार एवं भाजपा कार्यकर्ता निरन्तर धरातल पर कार्यरत हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि प्रदेश सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से कार्यकर्ता नागरिको को अवगत कराये, जिससे हर जरूरत मंद को योजनाओं का लाभ मिल सके। भाजपा कार्यकर्ता जन सेवा को अपने जीवन का ध्येय बनाएं। वहीं, पानीपत शहरी विधानसभा के माडल टाउन मंडल, कृष्ण पुरा मंडल, उत्तरी शहरी एवं उत्तरी दक्षिणी मंडल में प्रशिक्षण अभियान का आयोजन किया गया। जहां पर कार्यकर्ताओं के संग विधायक प्रमोद विज ने भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। इस अवसर पर योगेश शर्मा, चेतन तनेजा, सचिन सिंगला, हिमांशु कटारिया आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। भाजपा की बैठक को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद विज।

### ममता के नेत्रदान किए

**पानीपत।** फ्लाइंग क्लब से जुड़े सदस्य नितिन अरोड़ा, लकी अरोड़ा निवासी पानीपत द्वारा अपनी माता ममता रानी के नेत्रों का जन सेवा दल के सहयोग से दान कराना पूरे समाज के लिए प्रेरणा बना। श्रद्धांजलि सभा में हरपाल ढांडा, सतीश गोयल तथा जनसेवा दल के सचिव चमन गुलाटी आदि शामिल रहे। वहीं जन सेवा दल द्वारा नेत्रदान करने पर मृतक के परिजनों को सम्मानित किया गया।

### क्विज में ओजस्वी प्रथम

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं, क्विज में ओजस्वी डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर ने प्रथम, उमंग आईबी पीजी कॉलेज पानीपत ने द्वितीय तथाखुशी गुप्ता जीएमएन कॉलेज अंबाला कैंट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### हादसे में बुजुर्ग की मौत कार चालक पर केस

**अंबाला।** अंबाला-दिल्ली नेशनल हाईवे पर मोहड़ा बस अड्डे के पास सड़क हादसे में करीब 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार चालक ने पैदल सड़क पार कर रहे व्यक्ति को जोरदार टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने करीब आठ दिन बाद चश्मदीद के बयान पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। कुरुक्षेत्र के छपरा गांव के रहने वाले राजन ने बताया कि 20 मार्च की शाम वह स्पेयर पार्ट्स लेकर लौट रहा था। इसी दौरान लोहा पुल के नीचे एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने घायल को मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर चोटों के चलते घायल बयान देने की स्थिति में नहीं था और 25 मार्च को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### सालाना मेले में पहुंचे श्रद्धालु, लगा भंडारा

**अंबाला।** अंबाला शहर के देवी नगर में कश्यप राजपूत पंजाबी समाज के 51वें वार्षिक मेले का को आयोजन हुआ। इस दो दिवसीय मेले में शनिवार को पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम समाज की एकता का मंच है। यह मेला कश्यप राजपूत पंजाबी वैलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित किया गया। मेले में शामिल होने के बाद हरियाणा पंजाब के कई इलाकों से श्रद्धालु पहुंचे। विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए लोग अपने - अपने गोत्र के मंदिरों में पूजन करेंगे। गौरतलब है कि देवी नगर में स्थित मंदिर में कश्यप समाज के 44 मंदिर बनाए गए हैं। इस वर्ष यह मेला बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। क्योंकि इस वर्ष समाज की नींव रखे को 101 वर्ष पूरे हुए हैं। यहां पर करीब दो लाख लोगों के भोजन की व्यवस्था की गई है। सैकड़ों की संख्या में लोग 100 से अधिक चूल्हों पर भंडारा बनाने की तैयारी करते भी दिखे।

### मुनिश्री प्रतीक सागर महाराज की कथा हुई

**अंबाला।** मुनिश्री प्रतीक सागर महाराज की वाणी में पहली संगीतमय महावीर कथा का आयोजन किया गया। यह आयोजन रविवार को गुड़ बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर परिसर में प्रातः 9:30 से दोपहर 12 बजे आयोजित किया गया। इससे पूर्व, कालीबाड़ी चौक स्थित जैन स्थानक में विराट धर्मसभा आयोजित हुई। इसमें मुनिश्री ने सांप्रदायिक सौहार्द और चरित्र निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम महावीर नहीं बन सकते पर महावीर के बन सकते हैं।

### मंदिर से नकदी चोरी करने वाला गिरफ्तार


**शहजादपुर।** थाना शहजादपुर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त पतरेहड़ी के आरोपी सोनू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की गई नकदी भी बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। हेम सिंह ने पुलिस को बताया कि गांव पतरेहडी में नगर खेड़े के पास भगवान भोलेनाथ का मंदिर है। इसी में चोरी हुई थी।

अमेरिका ईरान युद्ध की वजह से घरेलू व कमर्शियल गैस की सप्लाई हो रही बाधित

# व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और उद्योगों को मिलेगा पीएनजी कनेक्शन

**साइंस इंडस्ट्रीज को राहत**

- खाद्य आपूर्ति विभाग ने घरेलू गैस से जूझ रहे कारोबारियों को राहत देने का लिया फैसला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

ईरान अमेरिका युद्ध की वजह से घरेलू गैस की किल्लत से जूझ रहे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और उद्योगों को अब बड़ी राहत मिलने जा रही है। खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से अब अब व्यावसायिक प्रतिष्ठान और उद्योगपति पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) गैस के कनेक्शन ले सकेंगे। प्रशासन की ओर से विभागीय अधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। पीएनजी कनेक्शन के लिए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों व उद्योग संचालकों को एचपीऑइल गैस कंपनी के पास आवेदन करना होगा। गैस कंपनी का कार्यालय अंबाला कैंट में आर्मी एरिया में बीएसएनएल के दफ्तर के पास है। बता दें कि साइंस इंडस्ट्रीज के कारोबारियों ने पिछले दिनों ही मंत्री अनिल विज से मुलाकात कर गैस की किल्लत का रोना रोया था। तब मंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन कर समस्या के समाधान के आदेश दिए थे।

### कमर्शियल सप्लाई भी मिलेगी

जब तक कारोबारियों को पीएनजी का कनेक्शन नहीं मिल जाता तब तक एलपीजी की कॉमर्शियल सप्लाई भी मिलेगी। इसका कोटा तय कर दिया गया है। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में ढाबा, फास्ट फूड रेस्टोरेंट, रेस्तरां, होटल व अन्य खाद्य पदार्थ तैयार करने वाले प्रतिष्ठानों को इस फैसले से राहत नजर आई है। वहीं ग्लासवेयर इंडस्ट्रीज को भी एलपीजी सप्लाई की दिक्कतों के बीच विकल्प मिला है। एचपी ऑयल गैस कंपनी के पास घरेलू कनेक्शनों की संख्या 3900 है। कॉमर्शियल पीएनजी कनेक्शन 30 दिए हुए हैं। इसके अलावा इंडस्ट्रियल कनेक्शन 9 हैं। खाद्य आपूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि कंपनी के अनुसार अभी घरेलू 12 हजार कनेक्शन और दिए जा सकते हैं। मगर इसके लिए लोगों को आवेदन करना होगा। इसके अलावा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और उद्योगों को भी पीएनजी के लिए आवेदन करना होगा।

### 20 प्रतिशत कोटा निर्धारित

पीएनजी के लिए आवेदन करने के बाद जब तक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और उद्योगों को पीएनजी नहीं मिलती तब तक एलपीजी मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए विभाग ने 20 प्रतिशत एलपीजी का कोटा निर्धारित कर दिया है। अभी पीएनजी की कवरेज सेक्टर एक, सात, आठ, नौ, दस, मॉडल टाउन, वाटिका मॉल, लक्ष्मी नगर, प्रीत कॉलोनी में है। जंडली में भी पीएनजी की सप्लाई चल रही है। दुर्गानगर, मनाली हाउस, पालिका विहार, रामनगर में पीएनजी की सप्लाई की अनुमति लंबित है। अनुमति मिलते ही कुछ दिनों में यहां भी पीएनजी की सप्लाई कर दी जाएगी। इसके सुचारू होने के बाद 2500 घरों के कनेक्शन और बढ़ जाएंगे

### पीएनजी का इस्तेमाल बेहद सुरक्षित



एलपीजी के बजाय पीएनजी को बेहद सुरक्षित माना जाता है। अंबाला शहर की पॉश बस्तियों में पीएनजी की कई साल से सप्लाई हो रही है। अभी तक एक हादसा भी सामने नहीं आया है। ऐसी स्थिति में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में होने वाले हादसों में भी कमी आना तय है। जानकारों की मानें तो पीएनजी का इस्तेमाल न केवल सुरक्षित है बल्कि इससे तैयार होने वाला खाना भी सेहत के लिए अच्छा होता है। ऐसे में कारोबारियों के साथ लोगों को भी राहत मिलना तय माना जा रहा है।

### गैस की किल्लत से जूझ रहे कारोबारी

ईरान अमेरिका युद्ध की वजह से अंबाला छावनी की साइंस इंडस्ट्रीज में ग्लासवेयर का कारोबार पूरी तरह से ठप होने की कगार पर है। ग्लासवेयर कारोबार में कमर्शियल गैस की सप्लाई बेहद कम है। इसी वजह से कारोबारी परेशान हैं। उनकी मानें तो गैस की सप्लाई न होने से ग्लासवेयर का कारोबार ठप हो गया है। साइंस इंडस्ट्रीज में इसी वजह से कांच से जुड़ा कोई भी सामान तैयार नहीं हो पा रहा है।

# सरसों की सरकारी खरीद ठप, किसान परेशान

**बिना फसल बेचे किसान वापस लौटने को मजबूर**

- गेट पास जारी करने के लिए अनिवार्य बायोमीट्रिक मशीनें सुचारू रूप से नहीं कर रही कार्य
- अव्यवस्थाओं से किसान परेशान, आंदोलन की दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

अनाज मंडी में सरसों की सरकारी खरीद को लेकर प्रशासनिक व्यवस्थाएं पूरी तरह से फेल नजर आई। पहले दिन तय समय पर खरीद शुरू न होने के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। खरीद प्रक्रिया शुरू न होने के पीछे कई कारण सामने आए। सबसे प्रमुख समस्या गेट पास जारी करने के लिए अनिवार्य बायोमीट्रिक मशीनों का सुचारू रूप से शुरू न होने की रही। इसके कारण किसानों के गेट पास नहीं कट सके, खरीद एजेंसियों के न आने से भी खरीद का कार्य शुरू नहीं पाया। आढ़ती मंडी एसोसिएशन के प्रधान रणजीत सिंह ने बताया कि सरसों के मूल्यों में तेजी के चलते किसान मंडी में सरसों की फसल सुखाकर वापस ले गए है। शनिवार को खरीद शुरू होनी थी लेकिन एक भी गेट पास नहीं कटा। वहीं कोई खरीद एजेंसी भी मंडी नहीं पंहुची। मार्केट कमेटी के सहायक सचिव मांगा राम ने बताया कि पहले दिन कोई खरीद नहीं हुई। कोई किसान गेट पास कटवाने भी नहीं आया। बॉयोमीट्रिक मशीन इंस्टाल कर दी गई है। फिलहाल संबंधित विभाग द्वारा उसका कार्य पेंडिंग है। हैफेड के मैनेजर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि हमारे पास शुक्रवार को ही लिस्ट आई था। अब एक कंपनी एनसीसीएफ सरसों की खरीद करेगी। लेकिन उसके साथ एग्रीमेंट नहीं हुआ है। इसलिए खरीद एजेंसी खरीद के लिए नहीं आई। अब सोमवार को ही खरीद हो सकती है। उधर शहजादपुर मंडी में भी यही स्थिति बनी रही। सरसों की सरकारी खरीद शुरू होनी थी लेकिन पहले ही दिन अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा। मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसल का सत्यापन न होने के कारण मंडी में सरसों का एक दाना भी नहीं खरीदा जा सका। खरीद एजेंसियां भी नदारद रहीं जिससे किसान परेशान होते रहे।

# विदेश में युवक लापता, 12 दिन से सुराग नहीं

- विदेश मंत्री और सीएम नायब सैनी से लगाई मदद की गुहार



विश्व

परिजन बोले- माल्टा पुलिस और भारतीय दूतावास ने भी समय पर मदद नहीं की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

विदेश में पढ़ने गया कस्बा का एक युवक रहस्यमयी हालात में लापता हो गया। इकलौते बेटे के इस प्रकार से गायब होने से जहां परिवार सदमे में है वहीं इस मामले में माल्टा की पुलिस और भारतीय दूतावास की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। परिजनों की मानें तो पिछले 12 दिनों से उनके बेटे का कोई सुराग नहीं लग पाया है जिससे परिजनों में रोष है। धर्मबीर का इकलौता 18 वर्षीय बेटा विश्व बीती 20 जनवरी 2026 को स्टडी वीजा पर माल्टा गया था। वहां पर हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म का कोर्स कर रहा था। परिजनों के मुताबिक 18 मार्च 2026 तक तो उनका बेटे से लगातार संपर्क बना हुआ था लेकिन इसके बाद अचानक उसका फोन बंद हो गया। वह तभी से लापता है। विश्व के साथ रह रहे उसके दोस्त गुरमीत ने भी उसकी काफी तलाश की लेकिन उसे भी उसके बारे में कुछ पता नहीं चल सका। पुर्तगाल में रह रहे उसके भतीजे भी माल्टा पहुंचकर कई दिनों तक विश्व की खोजबीन की लेकिन उसका सुराग नहीं लग पाया है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि 20 मार्च को जब विश्व के दोस्तों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत माल्टा पुलिस को दी तो पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेने की बजाय टालमटोल की। परिजनों का कहना है कि शुरुआती दिनों में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने में ही लापरवाही बरती जिससे जांच में देरी हुई। जब मामला स्थानीय लोगों और मीडिया के माध्यम से उछला तब कहीं जाकर 27 मार्च 2026 को वहां की पुलिस ने केस दर्ज किया। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि अगर समय रहते कार्रवाई होती तो शायद युवक का कोई सुराग मिल सकता था।

### कोई ठोस मदद नहीं मिली: परिजन



परिजनों ने माल्टा पुलिस और भारतीय दूतावास की भूमिका पर भी सवाल उठाए है। उन्होंने कहा कि दूतावास से बार-बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वहां से उन्हें कोई ठोस मदद नहीं मिली। परिजनों का आरोप है कि दूतावास ने उनकी पीड़ा को गंभीरता से नहीं लिया और केवल औपचारिकता निभाकर पल्ला झाड़ लिया। बेटे के लापता होने से मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है। घर में मातम जैसा माहौल है और परिजन हर दिन किसी चमत्कार की उम्मीद में हैं।

**एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल में करियर मार्गदर्शन पर कार्यक्रम**

# तनाव नियंत्रण व आत्मविश्वास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। सत्र के दौरान मौजूद स्कूल शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल ने करियर मार्गदर्शन और परामर्श पर एक ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किया जिसका उद्देश्य शिक्षकों को विभिन्न करियर विकल्पों की गहरी समझ देना और उन्हें छात्रों के भावनात्मक कल्याण को ध्यान में रखते हुए प्रभावी ढंग से उनका मार्गदर्शन करने में सक्षम बनाना था। यह सत्र कमलनीत कौर और ज्योति जिंदल द्वारा आयोजित किया गया था। उन्होंने छात्रों को उनकी रुचियों, योग्यताओं और क्षमताओं के आधार पर उपयुक्त करियर मार्ग चुनने में मदद करने के संबंध में बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने तनाव को नियंत्रित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और सोच-समझकर निर्णय लेने में परामर्श के महत्व पर भी जोर दिया। शिक्षकों ने इसमें सक्रिय रूप से भाग लिया और इस ज्ञानवर्धक चर्चा से लाभान्वित हुए। स्कूल ने अपने अमूल्य योगदान के लिए इन विशेषज्ञ वक्ताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रबंध समिति के सदस्यों प्रधान रजत जैन, उपाध्यक्ष डॉ. विनीत जैन, सचिव हितेश जैन, मैनेजर रितेश जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन, प्रबंधक समिति के सलाहकार रविकांत जैन तथा प्राचार्या डॉ. रेनू गहलावत ने प्रभावशाली सत्र के सराहना व्यक्त की।

जय पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा

# 11वीं कक्षा में सुखप्रीत ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा





बराड़ा। बच्चे को सम्मानित करती प्रिंसिपल।

जय पब्लिक स्कूल में सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा हर्षोल्लास व उत्साहपूर्ण वातावरण में की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कक्षा 3 से 11 तक के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्गों में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 3 (ब्राइट) में सक्षम प्रथम, पृथ्वी द्वितीय व अंशप्रीत तृतीय रहे, जबकि कक्षा 3 (डेजल) में निमरत ने प्रथम, जानेल ने द्वितीय व अनाया ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा 4 (ब्राइट) में लविश व युवानी प्रथम, अवनी चौहान द्वितीय व हर्षित तृतीय रहे, जबकि कक्षा 4 (डेजल) में अन्वी प्रथम, रौनक द्वितीय व दिशानी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 5 (ब्राइट) में रवनीत कौर प्रथम, श्रृष्टि चौहान द्वितीय व प्रिंस राज तृतीय रहे, जबकि कक्षा 5 (डेजल) में कृष प्रथम, दर्पण द्वितीय व अमनदीप तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 6 (ब्राइट) में युक्ति प्रथम, विहान द्वितीय व अमृत तृतीय रहे, वहीं कक्षा 6 (डेजल) में हरिवंश प्रथम, गुरनाजदीप द्वितीय व कृतिका तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 7 (ब्राइट) में अन्वी गोयल प्रथम, वैभव द्वितीय व यंश तृतीय रहे, जबकि कक्षा 7 (डेजल) में भूमिका प्रथम, शश्वी द्वितीय व आदित्य तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 8 (ब्राइट) में अंशिका प्रथम, आरना द्वितीय व साक्षी तृतीय रहीं।

महेशनगर में बूस्टिंग स्टेशन के लिए 1.54 करोड़ रुपये स्वीकृति

# कई कॉलोनियों में होगी नहरी पानी की आपूर्ति, हजारों लोगों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। विज का आभार जताते महेशनगर के लोग।

महेशनगर क्षेत्र में लोगों को स्वच्छ नहरी पानी की बेहतर उपलब्धता हेतु बूस्टिंग स्टेशन लगाने के लिए 1.54 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। जल्द महेशनगर में बब्याल रोड पर पुरानी पानी की टंकी के निकट बूस्टिंग स्टेशन स्थापित किया जाएगा जिससे नहरी पानी की उपलब्धता महेशनगर क्षेत्र की दर्जनों कालोनियों में हो सकेगी और साथ ही ट्यूबवेल से पेयजल आपूर्ति की निर्भरता कम होगी। बूस्टिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए 1.54 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत होने पर रविवार को महेशनगर वार्ड नंबर नौ से नप सदस्य रेणू चौहान, वार्ड नंबर आठ से सदस्य सोमनाथ सहित भाजपा नेता विजेंद्र चौहान, नीरज शर्मा, सतनाम सैनी, मदनलाल, पवन कुमार, विनोद कुमार, आनंद भाटिया, सुनील कनौजिया ने ऊर्जा मंत्री विज के आवास पर पहुंच उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से गर्मियों से पहले ही यह राशि मंजूर हो सकी है जिसका लाभ महेशनगर क्षेत्र में बसे हजारों निवासियों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि महेश नगर में बूस्टिंग स्टेशन स्थापित होने से दयालबाग, महेश नगर, भरत नगर, शिवप्रताप नगर, कबीर नगर, ट्यूबवेल कॉलोनी, बिहारी कालोनी, रामा इस्टेट, गोल्डन पार्क, दयालबाग एफ ब्लॉक आदि क्षेत्रों में फायदा होगा। इससे पहले महेश नगर क्षेत्र के आर्य नगर में बूस्टिंग स्टेशन स्थापित था जिससे नहरी पानी की सप्लाई कालोनियों में होती थी, मगर अब महेश नगर पानी की टंकी के निकट नया बूस्टिंग स्टेशन बनने पर अन्य कॉलोनियों के लोगों को लाभ मिलेगा।

## वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया यज्ञ



हवन यज्ञ में आहुतियां डालते हुए लोग।

अंबाला। अंबाला शहर के रेलवे रोड स्थित आर्य समाज में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं हवन यज्ञ से हुआ जिसमें समाज के अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यज्ञोपरांत गुरचरण सैनी ने वैदिक भजन द्वारा नवचेतना का संचार किया । इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में एसए जैन कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. प्रदीप स्नेही ने अपने विचार व्यक्त किए। युवाओं को चरित्र निर्माण, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरित किया। आर्य समाज के मंत्री एवं पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने भी अपने संबोधन में सभी को नियमित रूप से सत्संग में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने यह भी बताया कि हमें महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा प्रदत्त वैदिक मार्ग का अनुसरण करना चाहिए और समाज को जागरूक करना चाहिए कि वे वेदों की ओर लोटें और वे समाज कल्याण में महत्वपूर्ण कड़ी बनकर उभरे। अवसर पर गुलशन चांदना, डॉ. नरेंद्र गुप्ता, केपीए के विद्यालय की प्राचार्या रेखा भागी, प्रदीप कुमार, पंकज सूरी, एवं केपीएके विद्यालय की अध्यापिकाएं भी मुख्य रूप से मौजूद रही ।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### महावीर की जयंती कल मनाई जाएगी

**मुलाना।** एसएस जैन सभा द्वारा एसएस जैन स्थानक में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की 2625वीं जयंती बड़े श्रद्धा भाव और धूमधाम से मनाई जाएगी। एसएस जैन सभा के प्रवक्ता श्रीपाल जैन ने बताया कि इस पावन अवसर पर मंगलवार को सुबह 8 बजे से 9:15 बजे तक महा नमोकार मंत्र का सामूहिक जाप किया जाएगा।

**कार्यक्रम** 'जो खेलेगा वो खिलेगा' के मूल मंत्र से युवाओं को मिल रही सही दिशा

**प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में देशभर की प्रेरक पहल और उपलब्धियों की झलक**

# 'मन की बात' देश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनने की प्रेरणा देता है: विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। मन की बात कार्यक्रम देखते मंत्री अनिल विज। फोटो: हरिभूमि

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय "मन की बात" कार्यक्रम "सारे देश का दर्शन है"। कार्यक्रम के माध्यम से देश के हर कोने में क्या हो रहा है, सब उसमें दिखाया जा रहा है और यह एक अच्छा कार्यक्रम है जिसे सभी को देखना चाहिए। विज रविवार को अंबाला छावनी ट्रिब्यून कॉलोनी में वरिष्ठ सीए एडी गांधी के आवास स्थान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय "मन की बात" कार्यक्रम को देखने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारे प्रिय मित्र, फिलोस्फर व गाइड हैं। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के हर कोने में क्या हो रहा है, कहां मछली पालन, कहां खेती में क्या-क्या प्रयोग किए जा रहे हैं यह सब उसमें दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के भिन्न-भिन्न हिस्सों में देशवासियों ने क्या-क्या उपलब्धियां हासिल की हैं उसे इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी के साथ सांझा करते हैं। देशवासियों द्वारा जहां-जहां प्रेरक कार्य किए है जैसे जल संचय, सोलर एनर्जी, रूफटॉप, पानी का संचय करना इत्यादि शामिल हैं ताकि सभी लोगों को इस बारे जानकारी मिल सके और लोग भी इससे प्रेरणा लेकर कार्य करते हुए देश को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।

### युवा व खिलाड़ी ऊर्जा का सही प्रयोग करें

विज ने इस मौके पर यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से मूल मंत्र भी दिया है कि "जो खेलेगा वो खिलेगा"। हमारे सारे नौजवान अपनी ताकत का इधर-उधर प्रयोग न करें यानि युवा व खिलाड़ी अपनी ऊर्जा का सही प्रयोग करें। मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया जिसे मंत्री के साथ सभी ने देखा व सुना। सौरभ गांधी, गौरव गांधी, कपिल विज, डॉ. आरके अनेजा, डॉ. एमके दत्ता, नरेश भारद्वाज, सुनील वधावन, एमएस टंडन, जसवंत जैन, कमलजीत जैन, शुभम विज, शैली खन्ना, आरती सहगल समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।